# पंजाब के बरनाला और जालंधर में बेअदबी की घटनाएं

## ठीकरिवाल और माहला गांव की घटनाओं पर धरना, एसजीपीसी व अकाल तख्त ने लिया सख्त संज्ञान

समर न्यूज़ | बरनाला/जालंधर



पंजाब में पवित्र ग्रंथों की बेअदबी की लगातार सामने आ रही घटनाओं ने एक बार फिर धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। बरनाला के नजदीकी गांव ठीकरिवाल और जालंधर देहाती के गोराया क्षेत्र के गांव माहला में हुई दो अलग-अलग बेअदबी की घटनाओं के बाद पूरे इलाके में रोष और तनाव का माहौल बना हुआ है। इन घटनाओं को लेकर ग्रामीणों, धार्मिक संगठनों और सिख संस्थाओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज कर दी है।

**ठीकरिवाल में बरसी के दौरान बेअदबी, धरने पर बैठे ग्रामीण**

बरनाला के गांव ठीकरिवाल में अमर शहीद सरदार सेवा सिंह ठीकरिवाल की 92वीं बरसी के अवसर पर गुटका साहिब की बेअदबी की गंभीर घटना सामने आई। आरोप है कि शरारती तत्वों ने जानबूझकर गुटका साहिब के पावन अंगों को फाड़ दिया। पावन अंग गांव की गलियों और चल रहे बरसी समागम स्थल पर भी मिले, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

घटना की सूचना मिलते ही गांव पंचायत और समागम के आयोजकों ने पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। पंचायत ने दो संदिग्धों को पुलिस के हवाले किया, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, गिरफ्तारी के बावजूद अगले दिन सुबह फिर से पावन अंग मिलने की खबर से लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। इसके विरोध में गांव पंचायत, ग्रामीणों, धार्मिक संस्थाओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्यों ने शहीद सेवा सिंह ठीकरिवाल के चौक पर धरना लगा दिया।

धरने में शामिल वक्ताओं ने कहा कि बरसी जैसे पावन अवसर पर ऐसी घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी इस मामले के कथित मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी नहीं हुई है। धरने के दौरान एसजीपीसी सदस्य संत बलबीर सिंह घुंस और बलदेव सिंह चुंघा भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंचे डीएसपी सतबीर सिंह बैंस ने प्रदर्शनकारियों को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि गांव के एक बोलने-सुनने में असमर्थ व्यक्ति और उसके धुरी निवासी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर साजिश के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**जालंधर के माहला गांव में गुरुद्वारा साहिब में बेअदबी**

दूसरी ओर, जालंधर देहाती के गोराया क्षेत्र के गांव माहला स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक द्वार में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार, शाम करीब छह बजे शरारती तत्वों ने गुरुद्वारा परिसर में पावन अंग फाड़कर फेंक दिए। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में गांववासी गुरुद्वारा साहिब पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुद्वारा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन घटना के समय कोई कैमरा कार्यरत नहीं था। यह गुरुद्वारा गांव का सबसे पुराना और आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही पंजाब पुलिस के डीएसपी फिल्लौर और एसएचओ गोराया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। गांव की सरपंच बलविंदर कौर ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की।

**अकाल तख्त ने लिया सख्त संज्ञान**

*इन घटनाओं पर श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सख्त संज्ञान लिया है। उन्होंने माहला गांव की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए एसजीपीसी को निष्पक्ष और गहन जांच के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गुरुद्वारों में पुख्ता सुरक्षा, नियमित पहरेदारी और प्रबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से पंजाब में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों और सिख संगठनों ने एक स्वर में मांग की है कि बेअदबी के पीछे शामिल सभी दोषियों और साजिशकर्ताओं को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।*

# पंजाब के 20 आईएएस और 6 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बुधवार को बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 20 आईएएस और 6 पीसीएस अधिकारियों का तबादला और नियुक्ति किया। आदेश के अनुसार, आईएएस अधिकारी आदित्य डेचलवाल को रोपड़ का नया डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है। विजय नामदेव राव को वित्त विभाग का सचिव और प्रवासी भारतीय मामलों के विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस गुलप्रीत सिंह औलख को नवांशहर का डीसी, आईएएस नीरू कत्याल गुप्ता को लुधियाना नगर निगम का कमिश्नर और आईएएस वरजीत वालिया को पटियाला का डीसी नियुक्त किया गया है।

आईएएस साक्षी साहनी को ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी का मुख्य प्रशासक बनाया गया है, साथ ही उन्हें शहरी योजना एवं विकास प्राधिकरण तथा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। आईएएस अजीत बालाजी जोशी को ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग का प्रमुख सचिव और सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आईएएस अभिनव त्रिखा को वित्त विभाग का सचिव, आईएएस कंवलप्रीत बराड़ को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का सचिव तथा फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन का अतिरिक्त प्रभार मिला है। इसके अलावा आईएएस कुमार अमित को मुख्यमंत्री पंजाब का विशेष प्रमुख सचिव और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस विमल कुमार सेतिया को गृह विभाग का सचिव, आईएएस प्रीति यादव को मार्कफेड का प्रबंध निदेशक और आईएएस परमवीर सिंह को माल एवं पुनर्वास विभाग का विशेष सचिव एवं भूमि अभिलेख निदेशक नियुक्त किया गया है।

# बेरहम पत्नी ने पति की जीभ काटी

## सोशल मीडिया रील बनाने से रोकने पर दिया वारदात को अंजाम

समर न्यूज़ | गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मोदीनगर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संजयपुरी इलाके में रहने वाले एक युवक की पत्नी ने घरेलू विवाद के दौरान चाकू से उसके पति की जीभ काट दी। गंभीर रूप से घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉक्टरों के अनुसार, सर्जरी के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि वह भविष्य में बोल पाएगा या नहीं। जानकारी के मुताबिक, 26 वर्षीय विपिन मोदीनगर की एक फैक्ट्री में काम करता है और अपनी मां गीता व पत्नी ईशा के साथ रहता है। विपिन और ईशा की शादी पिछले साल मार्च में हुई थी। रात 11 बजे खाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। मां गीता ने इसे पति-पत्नी का निजी मामला समझकर हस्तक्षेप नहीं किया। रात 1 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि ईशा रसोई से चाकू लेकर आई और उसने विपिन की जीभ पर वार कर दिया। वार के कारण उसकी जीभ कट गई। आरोप है कि ईशा ने कटी हुई जीभ बिस्तर पर फेंक दी। इसके बाद विपिन गंभीर हालत में अपनी मां के पास पहुंचा, जहां से उसे तुरंत मोदीनगर के जीवन अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे मेरठ के सुभारती अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी फैलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने आरोपी महिला ईशा को कमरे से बाहर निकालकर उसकी पिटाई कर दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और मामले की जांच शुरू कर दी। मोदीनगर थाने के एसएचओ ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ईशा ने बताया कि उसने चोरी-छिपे शराब पी थी और पति अंडे की सब्जी नहीं खाना चाहता था, जिस पर विवाद हुआ। उसने यह भी स्वीकार किया कि पति उसे शराब पीने और इंस्टाग्राम रील बनाने से रोकता था, जिससे वह नाराज थी। ईशा ने यह भी कहा कि शादी के बाद पिछले छह महीनों में वह अपने पति के साथ कई बार मारपीट कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# सीमा पार तस्करों से जुड़े हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश

## पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़े थे तार, छह आधुनिक पिस्तौल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | अमृतसर



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़े सरहद पार संचालित अवैध हथियारों के एक मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से छह आधुनिक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने दी।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर काम कर रहे थे और पंजाब के विभिन्न गैंगस्टरों को अवैध हथियार सप्लाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क के आगे-पीछे के लिंक का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22), निवासी गांव रत्तोके, तरनतारन और सुरजीत सिंह (35), निवासी चेला कॉलोनी, तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुरजीत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से मौजूद है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। बरामद हथियारों में दो जिंदा कारतूसों सहित दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और चार .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।

इस संबंध में पुलिस कमिश्नर अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने पहले गुरप्रीत उर्फ गोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन .30 बोर पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक ग्लॉक पिस्तौल बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पाकिस्तान आधारित हथियार तस्करों के सीधे संपर्क में थे।

सीपी भुल्लर ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों को ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप प्राप्त होती थी, जिन्हें आगे गैंगस्टरों तक पहुंचाया जाता था। गुरप्रीत उर्फ गोपी के खुलासों के आधार पर पुलिस ने उसके साथी सुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक ग्लॉक और एक .30 बोर पिस्तौल बरामद की गई। सुरजीत सिंह इस नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था और अलग-अलग स्थानों पर हथियारों की डिलीवरी में शामिल था।

इस मामले में थाना इस्लामाबाद, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए) और 25(6,7,8) के तहत एफआईआर नंबर 14 दिनांक 13 जनवरी 2026 को दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई पंजाब में संगठित अपराध और सीमा पार तस्करी पर कड़ा प्रहार है।

# गांव जस्सोमाजरा में बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

समर न्यूज़ | जस्सोमाजरा/ नाभा



पंजाब के नाभा क्षेत्र के गांव जस्सोमाजरा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। मृतक की पहचान संदीप कुमार उर्फ दीपु के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भादसों पुलिस मौके पर पहुंची और माता-पिता के बयानों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बड़ा भाई परविंदर सिंह शराब पीने का आदी था और आए दिन झगड़ा-फसाद करता रहता था। बताया जा रहा है कि छोटा भाई संदीप कुमार उर्फ दीपु किसी काम से अपने बड़े भाई के घर गया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई और परविंदर सिंह ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। मौके पर मौजूद मृतक की माता दर्शन देवी और पिता बलविंदर सिंह ने बताया कि उनका छोटा बेटा बड़े बेटे के घर गया था और वहीं उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद बड़ा बेटा घबराया हुआ घर आया और कहने लगा कि संदीप को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मार दिया है। लेकिन उन्हें उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि संदीप की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। माता-पिता ने बताया कि बाद में उन्हें सच्चाई का पता चला कि उनके बड़े बेटे ने ही अपने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 4 एडीसीपी और 200 पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग स्थानों पर की रेड

# गैंगस्टरों के खिलाफ सीपी का एक्शन

समर न्यूज़ | जालंधर



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा राज्य को गैंगस्टर-मुक्त बनाने के लिए चल रही मुहिम 'गैंगस्टरों पर वार' के तहत पंजाब पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर नेटवर्क पर शिकंजा और कस दिया है। दूसरे दिन विदेशों में बैठे गैंगस्टरों से जुड़े 1,186 साथियों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे 48 घंटों में कुल गिरफ्तारियों की संख्या 2,500 तक पहुंच गई है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा घोषित 72 घंटे लंबे इस विशेष अभियान की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। अभियान के तहत संगठित अपराध की जड़ों पर प्रहार करने के लिए राज्य भर में 2,000 से अधिक पुलिस टीमों और लगभग 12,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पहले दिन 1,314 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी। ऑपरेशन की निगरानी कर रहे विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीमें 60 से अधिक विदेशी गैंगस्टरों से जुड़े चिन्हित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध को सहारा देने वाली पूरी सहायता प्रणाली—वित्तीय नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स, हथियार आपूर्ति श्रृंखला और संचार लिंक—की गहन जांच की जा रही है, ताकि गैंगस्टर नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। विशेष डीजीपी ने आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 पर गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा दी गई सूचना के आधार पर यदि किसी गैंगस्टर की गिरफ्तारी होती है, तो संबंधित व्यक्ति को 10 लाख रुपये तक की इनामी राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। पंजाब पुलिस का कहना है कि 'ऑपरेशन प्रहार' के माध्यम से संगठित अपराध पर निर्णायक चोट की जा रही है और यह अभियान राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# मजबूत सैन्य शक्ति के लिए इस पर फोकस जरूरी: वायुसेना प्रमुख

### मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि आधुनिक युद्ध में वायु शक्ति निर्णायक भूमिका निभा रही है। 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में उन्होंने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई से लेकर संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन तक, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक परिणाम दिए हैं।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ ही घंटों में पाकिस्तान के ठिकानों पर सटीक हमलों से स्पष्ट संदेश दिया गया। एयर चीफ ने कहा कि सीमित, लक्ष्य-आधारित और समयबद्ध सैन्य कार्रवाई आज की जरूरत है। उन्होंने एस-400 प्रणाली की प्रभावशीलता की भी सराहना की।

# सांसद अमृतपाल ने खटकाया हाईकोर्ट का दरवाजा

## बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी

समर न्यूज़ | खडूर साहिब



लोकसभा क्षेत्र खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह ने एक बार फिर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आगामी संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति की मांग को लेकर याचिका दायर की है। अपनी याचिका में अमृतपाल सिंह ने कहा है कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और एक निर्वाचित सांसद होने के नाते इस सत्र में उनकी उपस्थिति न केवल उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी है, बल्कि अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करना भी उनका दायित्व है। याचिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अमृतपाल सिंह ने 17 जनवरी को केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट को औपचारिक प्रतिनिधित्व सौंपकर बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी थी। इसके बावजूद अब तक किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे उनकी संसदीय भूमिका प्रभावित हो रही है। गौरतलब है कि सांसद अमृतपाल सिंह पिछले लंबे समय से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।

**संन्यास** कई प्रतिष्ठित खिताब जीतकर बनाया नाम

# पहलवान जस्सा ने कुश्ती से लिया संन्यास

समर न्यूज़ | तरनतारन



तरनतारन जिले के प्रसिद्ध पहलवान जस्सा पट्टी ने कुश्ती की दुनिया से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। तरनतारन जिले के गांव चुसलेवाड़ के रहने वाले जस्सा पट्टी ने महज 13 वर्ष की उम्र में अपने पिता सलविंदर सिंह शिंदा को गुरु मानकर मिट्टी के अखाड़े में कदम रखा था। 16 वर्ष की आयु तक वे कुश्ती में पूरी तरह दक्ष हो गए थे। अपने लंबे करियर के दौरान जस्सा पट्टी को कई गंभीर शारीरिक चोटों का सामना करना पड़ा। कई बार डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया, लेकिन पिता के आशीर्वाद और अपनी मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्हें सफल पहलवान बनाने के लिए उनके पिता ने कई बार कर्ज तक लिया। जस्सा पट्टी ने देशभर के अखाड़ों में नामी पहलवानों को चुनौती दी और कई बार हिंद केसरी व भारत केसरी जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए। उनका विवाह गांव टोला नंगल की मंदीप कौर से हुआ है, जो स्वयं पांच बार एशिया वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं और एशिया गोमा की कप्तान भी रह चुकी हैं। परिवार में उनकी एक बेटी सदा कौर और चार महीने का बेटा निधान सिंह है। जस्सा पट्टी ने बताया कि परिवार और दोस्तों से सलाह के बाद उन्होंने स्वेच्छा से कुश्ती के अखाड़े को अलविदा कहने का फैसला लिया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता सलविंदर सिंह शिंदा और मां परमिंदर कौर को दिया।

# पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में बारिश का अलर्ट

## आज से बदलेगा मौसम

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

उत्तर भारत में एक बार फिर कड़ाके की ठंड लौटने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 22 जनवरी से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाएगा। बीते कुछ दिनों से मिली हल्की राहत अब खत्म होने वाली है और पहाड़ी से लेकर मैदानी इलाकों तक बारिश, बर्फबारी और तेज हवाओं का दौर शुरू होगा। आईएमडी के मुताबिक, पहला पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी की रात से सक्रिय होगा, जिसका असर 22 जनवरी से दिखने लगेगा। इसके बाद 26 से 28 जनवरी के बीच दूसरा और अधिक प्रभावी विक्षोभ पहुंचेगा। अगले दो दिनों में उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड में बारिश की संभावना जताई गई है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 22 से 26 जनवरी के बीच व्यापक बारिश और बर्फबारी हो सकती है। खासतौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात का अलर्ट जारी किया गया है। गुलमर्ग, मनाली और शिमला जैसे पर्यटन स्थलों पर बर्फबारी की संभावना है। मैदानी इलाकों में 22 से 24 जनवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर में 23 जनवरी को हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और नियमित मौसम अपडेट देखने की सलाह दी है।

### पंजाब के गांवों में खेल क्रांति, युवाओं को नशों से दूर करने का लक्ष्य

# 3100 मैदान बना रही है आप सरकार: तरुनप्रीत सिंह सौंद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार राज्य के गांवों में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए 3,100 ग्रामीण खेल मैदान विकसित कर रही है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ चलाया जा रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री सौंद ने बताया कि काम में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तीन विशेष फ्लाइंग स्क्वाड तैनात किए गए हैं, जो गांवों में जाकर जमीनी स्तर पर जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि झूठी रिपोर्टिंग और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री ने बताया कि खेल मैदानों की डिजिटल निगरानी के लिए एक एमआईएस पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर संबंधित अधिकारियों को हर 15 दिन में फोटो और जियो-टैग्ड रिपोर्ट अपलोड करनी अनिवार्य होगी। इसके अलावा थर्ड पार्टी टेक्नो-फाइनेंशियल ऑडिट के जरिए गुणवत्ता की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी धन की एक-एक पाई का हिसाब रखा जा रहा है ताकि ग्रामीण पंजाब को वर्ल्ड-क्लास आधारभूत ढांचा मिल सके।

सौंद ने दोहराया कि यह "नया पंजाब" है, जहां खेल मैदान सिर्फ बनेंगे ही नहीं, बल्कि उनकी हर इंच निगरानी भी की जाएगी।